भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या 10**

उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 2025

***10. श्री आलोक शर्मा:**
**श्री नव चरण माझी :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हाशिए पर रहने वाले समुदायों, दूरदराज के क्षेत्रों के युवाओं और दिव्यांग लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आभासी (वर्चुअल) भागीदारी की अनुमति देकर राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 2025 के लिए एक हाइब्रिड मॉडल लागू किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) प्रत्येक राज्य और विशेष रूप से सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सीधी और सिंगरौली जिलों में उक्त महोत्सव को बड़े पैमाने पर आयोजित करने के लिए सरकार द्वारा की गई व्यवस्था का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

**राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 2025 के संबंध में श्री आलोक शर्मा और श्री नव चरण माझी द्वारा दिनांक 03.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 10 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क) राष्ट्रीय युवा महोत्सव (एनवाईएफ), राष्ट्रीय युवा किशोर विकास कार्यक्रम (एनपीवाईएडी) स्कीम के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। इस वर्ष, एनवाईएफ का पुनर्गठन किया गया और इसे विकसित भारत युवा नेता संवाद (वीबीवाईएलडी) नाम दिया गया। वीबीवाईएलडी-2025, एनवाईएफ मंच को व्यापक बनाने और युवाओं के साथ अधिक गहनता से जुड़ने का एक प्रयास था। यह प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के विजन के साथ जुड़ने का एक प्रयास था, जिसमें 1 लाख युवाओं को सार्वजनिक मामलों में शामिल किया जाना था, ताकि उन्हें विकसित भारत के लिए राष्ट्रीय विकास का एक सार्थक क्षेत्र बनाने और नेतृत्व के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जा सके। इस संवाद में युवाओं को विकसित भारत के विभिन्न पहलुओं के बारे में लिखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस संवाद ने उन्हें बड़े सपने देखने और विकसित भारत 2047 के विजन की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

वीबीवाईएलडी-2025 के माध्यम से देशभर के 30 लाख प्रेरित युवा एक साथ आए; भारत के 15-29 आयु वर्ग के सबसे वाइब्रेंट यूथ का प्रतिनिधित्व कर रहे लगभग 2500 ऊर्जावान युवाओं को योग्यता आधारित, बहु-चरणीय प्रक्रिया के माध्यम से विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 में भाग लेने के लिए चुना गया है। इस संवाद से उभरने वाली प्रस्तुतियां माननीय प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गई। वीबीवाईएलडी-2025 एक ऐतिहासिक आयोजन रहा, जिसने नेताओं, नवोन्मेषकों और विचारकों की अगली पीढ़ी को बढ़ावा दिया जो भारत के विकास को आगे बढ़ाएंगे।

विकसित भारत ट्रैक और पारंपरिक ट्रैक के चयनित प्रतिभागियों, युवा नवोन्मेषकों, स्वयंसेवकों आदि सहित कुल मिलाकर लगभग 2500 युवा वीबीवाईएलडी 2025 का हिस्सा बने। इसके अतिरिक्त, 6 करोड़ से अधिक युवाओं और अन्य लोगों ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से इस कार्यक्रम को देखा।

(ख) जी हां, राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 2025 हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था।

(ग) राष्ट्रीय युवा महोत्सव में युवाओं की भागीदारी के लिए विकसित भारत चैलेंज नामक चार चरणों वाली प्रतियोगिता आयोजित की गई। विकसित भारत चैलेंज के पहले दो चरण अर्थात चरण 1: भारत भ्रमण क्विज़ जो 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया गया और चरण 2 : विकसित भारत निबंध चैलेंज जो 10 दिसंबर से 17 दिसंबर 2024 तक MyGov पोर्टल (वर्चुअल मोड) के माध्यम से आयोजित किया गया। विकसित भारत चैलेंज के अगले दो चरण अर्थात चरण 3: विकसित भारत पीपीटी चैलेंज, राज्य स्तर पर 22 दिसंबर से 30 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया गया और चरण 4 : 10 जनवरी से 12 जनवरी 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में विकसित भारत चैंपियनशिप का आयोजन फिजिकल मोड में किया गया। इसके अलावा, राज्य युवा महोत्सवों के माध्यम से चयनित विभिन्न राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्रों से फिजिकल पार्टिसिपेशन भी किया गया। विभिन्न राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के लगभग 2500 युवाओं ने विभिन्न पारंपरिक ट्रैक इवेंट और विकसित भारत चैलेंज में भाग लिया। विकसित भारत युवा नेता संवाद के दौरान 3 करोड़ से

अधिक युवा और अन्य लोग ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जुड़े।

(घ) सीधी और सिंगरौली जिले सहित पूरे देश में बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव आयोजित करने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए :

I. **राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 2025:** विकसित भारत युवा नेता संवाद में विकसित भारत चैलेंज और पारंपरिक ट्रैक दो ट्रैक थे।

II. विकसित भारत चैलेंज में चार चरण शामिल हैं :

   i. **चरण I:** विकसित भारत क्विज़, 12 भाषाओं में एक राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन कार्यक्रम, जिसमें भारत की उपलब्धियों संबंधी ज्ञान का परीक्षण किया गया, जिसमें लगभग 30 लाख प्रतिभागियों ने भाग लिया।

   ii. **चरण II:** विकसित भारत निबंध, जहां योग्य प्रतिभागियों ने "विकसित भारत 2047" से जुड़े प्रमुख विषयों पर निबंध प्रस्तुत किए।

   iii. **चरण III:** विकसित भारत राज्य चैम्पियनशिप चैलेंज, जिसमें लगभग 9,000 युवाओं ने भाग लिया और पावरपॉइंट प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए, जिनका नेतृत्व और सहयोग करने की उनकी क्षमता के लिए लीडरशिप मोडरेटर्स द्वारा मूल्यांकन किया गया।

   iv. **चरण IV:** भारत मंडपम में विकसित भारत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जिसमें 10 टीमों ने 12 जनवरी 2025 को माननीय प्रधानमंत्री के समक्ष 10 प्रमुख विषयों पर आधारित अपने विचार प्रस्तुत किए।

III. पारंपरिक ट्रैक के तहत, विकसित भारत युवा नेता संवाद के लिए विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में जिला और राज्य युवा महोत्सव आयोजित किए गए। **समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, विज्ञान मेला, कविता, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण आदि जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं जिले में आयोजित की गईं और विजेताओं को राज्य युवा महोत्सव में प्रदर्शन करने के लिए चुना गया। इसके अलावा, राज्य युवा महोत्सव के विजेताओं को भारत मंडपम, नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए चुना गया।**

IV. इस आयोजन की रूपरेखा के अनुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 23 से 24 दिसंबर 2024 तक जिला सीधी में तथा 26 दिसंबर 2024 को जिला सिंगरौली में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश के खेल और युवा कल्याण विभाग, नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना के सामूहिक प्रयासों तथा शिक्षा विभाग के सहयोग से किया गया।

****